संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार
संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 11 मेरठ, मंगलवार, 07 जुलाई 2026 पृष्ठः 04 मूल्य : एक रूपया

# नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की नीति के खिलाफ डॉ. मुखर्जी ने किया था शंखनाद: योगी

» एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद् बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद-370 के खिलाफ नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की वह नीति, जो देश की एकता और अखंडता को चुनौती दे रही थी, डॉ. मुखर्जी ने उसके खिलाफ शंखनाद किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार ने 2019 में कश्मीर में अनुच्छेद-370 समाप्त कर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया और कश्मीर में भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी 125वीं जयंती पर उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की।



सीएम योगी ने सिविल अस्पताल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आजादी के आंदोलन में प्रमुखता से जुड़े। बंगाल को जब पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की चालें चली जा रही थीं, तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी इसके खिलाफ खड़े हुए। आज का पश्चिम बंगाल यदि भारत का हिस्सा है तो इसमें जिन महान नेताओं ने खुद को समर्पित कर आंदोलन का हिस्सा बनाया और इसके खिलाफ आवाज बुलंद की, उसमें डॉ. मुखर्जी का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के मंत्री के रूप में खाद्य नीति व उद्योग नीति को प्रमुखता से लागू किया।

सीएम ने कहा कि जब नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की नीति देश की अखंडता के सामने चुनौती बनी तो सत्ता की राजनीति को तिलांजलि देते हुए वे सरकार से अलग हो गए। भारतीय जनसंघ के गठन के बाद संस्थापक अध्यक्ष के रूप में राष्ट्र की अखंडता के लिए उन्होंने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेगा' का उद्घोष करते हुए कश्मीर की परमिट प्रणाली का विरोध किया। इस पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। 1953 में कश्मीर में ही उनका बलिदान हो गया।

सीएम योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जिस पश्चिम बंगाल को पाकिस्तान के खूनी पंजे से बचाने में महती भूमिका का निर्वहन किया, वही पश्चिम बंगाल आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपना आदर्श मानने वाली भाजपा के शासन का हिस्सा बना है। डबल इंजन सरकार पश्चिम बंगाल में डॉ. मुखर्जी से जुड़े स्थलों के पुनरुद्धार के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 1901 में बंगाल में हुआ था। उच्च शिक्षा अर्जित करने के साथ ही प्राध्यापक के रूप में उन्होंने जीवन की शुरुआत की। महज 33 वर्ष की उम्र में उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, कपिलदेव अग्रवाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## मोदी सरकार की नीतियों से भारत की वैश्विक साख को नुकसान पहुंचा : खरगे



» एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार पर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। श्री खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय पासपोर्ट की बढ़ती ताकत के दावे वास्तविक आंकड़ों से मेल नहीं खाते। उन्होंने कहा कि एक वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग के अनुसार भारत 2013 में 74वें स्थान से जून 2026 में 80वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि एक अन्य वैश्विक पासपोर्ट इंडेक्स में भारत 2026 में 125वें स्थान पर है। उन्होंने दावा किया कि इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय पासपोर्ट की स्थिति मजबूत होने के बजाय कमजोर हुई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने सेवाओं में सुधार करने के बजाय पासपोर्ट बनवाना महंगा कर दिया है। उनके अनुसार, सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 से बढ़ाकर 2,500 कर दी गई है, जबकि तत्काल पासपोर्ट शुल्क 5,000 तक पहुंच गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने पर्यटन के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या अब भी कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। उनके मुताबिक, 2019 में 1.093 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए थे, जबकि 2024 में यह संख्या 99.5 लाख रही। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इस कमी को छिपाने के लिए एनआरआई आगमन को विदेशी पर्यटकों के आंकड़ों के साथ जोड़कर पेश कर रही है।

उन्होंने भारत की आधिकारिक वीजा आवेदन वेबसाइट को भी पुरानी और जटिल बताते हुए कहा कि "अतिथि देवो भवः" की भावना रखने वाले देश में पर्यटकों के लिए ऐसी अव्यवस्थित व्यवस्था उचित नहीं है।

## राष्ट्रनिर्माताओं के योगदान को जनस्मृति में स्थान मिलना चाहिए: विजेन्द्र गुप्ता

» एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि इतिहास में अनेक ऐसे राष्ट्रनिर्माता हैं, जिनका देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा, लेकिन समय के साथ उनका योगदान जनस्मृति से ओझल होता गया। ऐसे महान व्यक्तित्वों को उनका उचित स्थान दिलाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह बात डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित स्मृति समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधन के दौरान कही। संस्कृति मंत्रालय के अधीन दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी मुख्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, चांदनी चौक में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विजेन्द्र गुप्ता ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : यथास्थिति को चुनौती देने वाले व्यक्तित्व विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में दक्षिण दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, राज्यसभा सांसद विनोद तावड़े, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष डॉ. सुमीत भसीन, पुस्तकालय बोर्ड के सदस्य, शिक्षाविद्, विद्वान तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## योगी कैबिनेट ने दी उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति-2026 को मंजूरी

» एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति-2026 को मंजूरी दी गई। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को ग्रीन, एआई-रेडी और वैश्विक प्रतिस्पर्धी डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित करना है। नीति के तहत 2 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता विकसित करने और 02 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि नई नीति में जीपीयू आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा दक्षता और टिकाऊ विकास पर विशेष जोर दिया गया है। इसके साथ ही बुंदेलखंड और पूर्वांचल क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रस्तावित किए गए हैं। डेटा सेंटर नीति-2026 को मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश में विश्वस्तरीय डेटा सेंटर इकोसिस्टम विकसित होगा।

## सहकारिता मंत्रालय के 5 साल पूरे, मोदी के फैसले से आंदोलन को मिला नया जीवन

» एजेंसी। नई दिल्ली

सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे होने के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस खास मौके पर केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों को रेखांकित किया और बताया कि कैसे इसकी शुरुआत हुई केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय को केंद्र सरकार में प्रस्तावित करने का काम किया था। सभी सहकारिता सदस्यों की ओर से प्रधानमंत्री का धन्यवाद करना चाहूंगा। प्रधानमंत्री के इस फैसले ने सहकारिता आंदोलन को नए चरण में ले जाने का काम किया है। 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे को जाना




गया। लेकिन, प्रधानमंत्री ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारिता क्षेत्र को नया प्राण देने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के मुताबिक, आज की तारीख में सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में हमारे लिए यह जरूरी हो जाता है कि हम आपको अपने मंत्रालय की उपलब्धियों से अवगत कराएं। साथ ही, अपनी भावी रोडमैप के बारे में भी बताएं। जब केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन किया जा रहा था, तब कई लोग इसका विरोध कर रहे थे। विरोधियों का कहना था कि सहकारिता मंत्रालय राज्य का विषय है, लिहाजा केंद्र सरकार को इसमें दखल नहीं देना चाहिए, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि आज जब हमारा मंत्रालय पांच साल पूरा कर चुका है तो आज तक किसी भी विरोधी दल ने कोई विरोध नहीं किया। इन पांच साल में सहकारिता मंत्रालय ने यह साबित कर दिया है कि हम राज्य सरकार के काम में दखल देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी मदद के लिए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने इन पांच साल में समस्याओं को पहचान कर उसके निदान की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे कामों से प्रदेश के विकास को नई गति मिले। जब कभी सहकारिता आंदोलन का इतिहास लिखा जाएगा, तो उसे स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। आज हमने कई परियोजनाएं शुरू की हैं, जो पहले पाइपलाइन में थीं। एनडीए की परंपरा रही है कि जब कभी हमें शासन मिला, तो हमने इस देश के दबे कुचले लोगों को बल देने का काम किया।

## सम्पादकीय

### पारदर्शिता हेतु कठोर फैसले लेने से न चूके ट्रस्ट

देश के करोड़ों श्रद्धालुओं के आस्था-विश्वास को आहत करने वाला चंदा-चोरी प्रकरण सामने आने के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की पहली बैठक में आखिरकार महामंत्री चंपत राय व सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए। अब ट्रस्ट के अन्य सदस्य कृष्ण मोहन को अंतरिम महामंत्री बनाया गया है। राममंदिर के चंदे में हेरफेर से उठे देशव्यापी विवाद के बाद प्राथमिकी दर्ज होने, एसआईटी के गठन और कुछ गिरफ्तारियों के बाद ये इस्तीफे अपरिहार्य थे। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ दो इस्तीफों से श्रद्धालुओं के भरोसे की बहाली हो पाएगी? जैसा कि नवनियुक्त अंतरिम महामंत्री कृष्ण मोहन ने कहा कि मेरी प्राथमिकता है कि चंदा चोरी के मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे कड़ी सजा मिले। उन्होंने स्वीकारा कि ट्रस्ट प्रबंधन और संचालन में कहीं न कहीं खामियां रही हैं। उन्हें दूर करने का प्रयास होगा। साथ ही माना कि जो तथ्य सामने आए हैं उससे न्यास की छवि धूमिल हुई है। एक अविश्वास का भाव उत्पन्न हुआ। ट्रस्ट की प्रतिष्ठा को फिर स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कृष्ण मोहन भारतीय वन सेवा में शामिल होने से पहले कुछ सालों तक परमाणु ऊर्जा विभाग में परमाणु वैज्ञानिक भी रहे हैं। वे दलित समुदाय से आते हैं। वे उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी रहे हैं। इसी कड़ी में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने सोमवार को अयोध्या में उन बहुमूल्य वस्तुओं को मीडिया के सामने प्रदर्शित किया, जिनके गायब होने को लेकर अटकलें लगायी जा रही थीं। बताया जा रहा है कि ट्रस्ट के संचालन के लिये विशिष्ट अधिकारियों की नियुक्ति करने के लिये एक समिति का गठन किया गया है। इसी क्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अगली बैठक बाईस जुलाई को होगी। जिसमें महत्वपूर्ण फैसले लिये जाने का अनुमान है। कहा जा रहा है कि तब तक चंदा चोरी मामले में एसआईटी की रिपोर्ट भी आ जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि आस्था व विश्वास से खिलवाड़ के कृत्य की जांच के लिये क्या एसआईटी की जांच पर्याप्त है? क्या चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफे मात्र से उनकी लापरवाही और गैर जिम्मेदार व्यवहार पर कार्रवाई पूरी मान ली जाए? क्या इतनी कार्रवाई मात्र से सारे प्रकरण से संदेह के बादल छंट जाएंगे और लोगों का खंडित भरोसा फिर से कायम हो जाएगा? अब तो संघ प्रमुख ने भी स्वीकारा है कि इस घटनाक्रम से व्यापक हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। ऐसे में अब ट्रस्ट को कठोर फैसले लेने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखानी चाहिए।

# प्रशासन के खिलाफ महापंचायत में गरजे किसान

### निर्दोष किसानों को जेल भेजना अन्याय और जब तक उन्हें रिहा नहीं किया जाता, तब तक जारी रहेगा आंदोलन

» संवाददाता



नजीबाबाद। नजीबाबाद के कोटद्वार मार्ग स्थित मंडी समिति परिसर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की विशाल महापंचायत में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पहुंचे हजारों किसानों ने आलोपुर प्रकरण को लेकर प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरी। वक्ताओं ने कहा कि निर्दोष किसानों को जेल भेजना अन्याय है और जब तक उन्हें रिहा नहीं किया जाता, तब तक संगठन का आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो किसान सड़क से लेकर जेल भरो आंदोलन तक करने को मजबूर होंगे। महापंचायत की अध्यक्षता हाजी हनीफ तथा संचालन नितेंद्र प्रधान ने किया। सोमवार को सुबह से ही सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और निजी वाहनों से किसान मंडी समिति परिसर पहुंचने लगे। देखते ही देखते पूरा परिसर किसानों से खचाखच भर गया और पूरे दिन आंदोलन को लेकर रणनीति पर चर्चा होती रही। संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि ग्राम आलोपुर में मजदूर की मौत प्रशासन की नासमझी और समय पर उचित कार्रवाई न करने का परिणाम है। उनका कहना था कि यदि प्रशासन समय रहते मजदूर की बात गंभीरता से सुन लेता तो यह दुखद घटना नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्दोष किसानों को जेल भेजकर प्रशासन ने एक तरफा कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था निष्पक्ष नहीं बल्कि दबाव में काम करती दिखाई दे रही है। दिगंबर सिंह ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और किसानों की एकता से बड़ी कोई ताकत नहीं है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही निर्दोष किसानों को रिहा नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन बड़ा आंदोलन छेड़ेगी और जरूरत पड़ने पर जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ किसान अब चुप बैठने वाले नहीं हैं। महापंचायत में अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि संगठन किसानों के सम्मान और न्याय की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेगा। यदि प्रशासन ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की तो प्रदेशभर के किसान सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वक्ताओं ने बताया कि किरतपुर ब्लॉक के ग्राम आलोपुर में मजदूर अमर सिंह की मौत के बाद मिले सुसाइड नोट में 11 लोगों के नाम सामने आए थे। किसानों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, क्योंकि जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनमें कई निर्दोष हैं। उनका दावा है कि कुछ समय पहले किसान ने मजदूर को रहने के लिए जगह दी थी, बाद में जमीन पर मालिकाना हक को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ और इसके बाद मजदूर ने आत्महत्या कर ली। महापंचायत के दौरान किसानों की बात सुनने के लिए सीओ आकांक्षा गौतम, तहसीलदार संतोष कुमार यादव, एसपी सिटी कृष्ण गोपाल सिंह तथा एसडीएम रितु चौधरी मौके पर पहुंचे।

## पक्षियों के लिए जलपात्रों की अनूठी पहल



» संवाददाता

बिजनौर। भीषण गर्मी के दौरान बेजुबान पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिजनौर कलेक्ट्रेट परिसर में मिट्टी के जल पात्र स्थापित किए गए हैं। इस सराहनीय पहल का शुभारंभ डीएम जसजीत कौर व एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया। नगर पालिका परिषद बिजनौर के अवर अभियंता (सिविल) यशवंत कुमार ने बताया कि तेज गर्मी में पक्षियों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में मिट्टी के बर्तनों की व्यवस्था की गई है, ताकि पक्षियों को सहजता से स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्लास्टिक के ड्रम को मोटर से जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से पानी लगातार रीसायकल होकर मिट्टी के बर्तनों तक पहुंचता रहेगा। इससे जलपात्रों में हमेशा साफ और अपेक्षाकृत ठंडा पानी उपलब्ध रहेगा तथा पक्षियों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता (जलकल) गौरव कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पर्यावरण एवं जीव संरक्षण से जुड़ी पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी कदम बताया।

# याहियापुर में रवा राजपूत समाज का सम्मान समारोह सम्पन्न

» संवाददाता

बिजनौर। गांव याहियापुर में आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य सम्मान समारोह व सामाजिक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भगत सिंह पुत्र स्व. खजान सिंह प्रधान के सौजन्य से हुआ, जिसमें समाज के गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह में भाजपा के नवनियुक्त जिला मंत्री विनीत ठाकुर का फूल- मालाओं, अंगवस्त्र व सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में विनीत ठाकुर ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए पूरे समाज के विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने समाज के सम्मान, संगठन और विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए मान सिंह चौहान को प्रतिष्ठित रवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रविंद्र सिंह जादौन ने कहा कि नजीबाबाद, बिजनौर, खतौली और बागपत विधानसभा क्षेत्रों में रवा राजपूत समाज निर्णायक भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। उन्होंने समाज के लोगों से संगठित होकर सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेद प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन अभिषेक रवा राजपूत ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार, तिलक राम, देवेंद्र राजपूत, गुलजारी लाल, शेखर सिंह, राकेश राजपूत, सुनील प्रधान, जगदीश आर्य, राहुल चौहान सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कॉलेज में प्रशिक्षण का शुभारंभ

» संवाददाता

गाजियाबाद। मेरठ रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को आईसीटी अकादमी एवं कॉग्निजेंट फाउंडेशन के सहयोग से 120 घंटे के टेक4ऑल यूआई डेवलपर प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या डॉ. नीतू चावला ने किया। इस अवसर पर आईसीटी अकादमी के सीनियर मैनेजर सत्येंद्र नारायण, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर हिमालय कुमार तथा सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर एमडी आदिल मुख्य अतिथि रहे। गीतांजलि खुराना, तपस्या गुप्ता भी उपस्थित रहे।

## शैलेंद्र कुमार महागुन मस्कट के अध्यक्ष बने

» संवाददाता

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित महागुन मस्कट सोसाइटी में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के चुनाव कराए गए। इसमें अध्यक्ष पद पर शैलेंद्र कुमार ने जीत हासिल की। गौरवर गर्ग (वस्तो) उपाध्यक्ष, गौरव गर्ग (क्रीमा) सचिव, मुखलेश कुमार सिंह सह सचिव, अमृतांश सिंहा कोषाध्यक्ष, आकाश अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष बने हैं। इनके अलावा हिमांशु जावला, सुशील कुमार मिश्रा, मृणाल राजदान और अभय सिमरा कार्यकारिणी सदस्य बने हैं।

## अनिल वर्मा और सचिन यादव व्यापार मंडल के महामंत्री बने

» संवाददाता

गाजियाबाद। व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन शर्मा ने एनएच 24 स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। इसमें अनिल वर्मा और सचिन यादव को व्यापार मंडल का महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा अमित वर्मा और सचिन अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया गया। वहीं, संजय पाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा अन्य पदों पर भी नियुक्ति की गई।

# नि:शुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित

» संवाददाता

नहटौर। हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट हेप्ट की पहल 'स्वस्थ नहटौर' के अंतर्गत 204वां विश्व शुगर कैंप लगाया गया साप्ताहिक नि:शुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच एवं परामर्श शिविर मैहदी विला, नहटौर में आयोजित किया गया। शिविर में लोगों की शुगर, ब्लड प्रेशर एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें खान-पान, नियमित पैदल चलने और दवाएं नियमित रूप से लेने के संबंध में परामर्श दिया गया। शिविर में अधिक शुगर वाले एक व्यक्ति के बाएं पैर की छोटी उंगली में गहरा घाव पाया गया। मरीज ने बताया कि वह लगभग दो महीने से इस समस्या से जूझ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी रेफर किया गया तथा वहां शीघ्र आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने और मामले पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया गया। हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट हेप्ट के सचिव एवं स्वस्थ नहटौर अभियान के संयोजक गिजाल मैहदी ने मरीजों को विस्तार से परामर्श देते हुए कहा कि डायबिटीज के मरीजों को पैरों में सूजन, घाव, मवाद या लंबे समय तक ठीक न होने वाले जख्म को बिल्कुल नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे मामलों में तुरंत मेडिकल सहायता लेना आवश्यक है। गिजाल मैहदी ने मरीजों को डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की दवाएं डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित रूप से लेने, नियमित पैदल चलने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने भोजन में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा नियंत्रित करने, विशेष रूप से गेहूं और चावल की मात्रा सीमित रखने तथा जरूरत और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार चना, रागी और जौ जैसे अनाजों को भोजन में शामिल करने की सलाह दी। शिविर के संचालन में स्वास्थ्य वॉलंटियर्स अनम परवीन, मुहम्मद हुजैफा, अब्दुल कादिर, मोहम्मद खिजर और उरूसा जैदी ने जांच, रिकॉर्ड संधारण तथा मरीजों की सहायता में सक्रिय योगदान दिया।

## किसान संगठन महापंचायत का भीम आर्मी ने किया विरोध



» संवाददाता

नजीबाबाद। आलोपुर प्रकरण को लेकर बहुजन समाज के विभिन्न संगठनों ने एक मंच पर आकर प्रेस वार्ता की। वक्ताओं ने भाकियू अराजनीतिक के कुछ पदाधिकारियों पर आरोपियों के पक्ष में महापंचायत कर मामले को किसान और जाति का रूप देने का प्रयास करने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि दो पक्षों के विवाद को जातीय संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही दिगंबर सिंह पर दलित समाज के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी करने और समाज में आक्रोश फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि पंचायत करना सभी का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन यदि छह जुलाई को प्रस्तावित महापंचायत के माध्यम से माहौल खराब करने या पीड़ित पक्ष को कमजोर करने तथा कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया तो बहुजन समाज के संगठन बिजनौर में एकजुट होकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। प्रेस वार्ता में मौजूद नेताओं ने कहा कि वे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के पक्षधर हैं।

# विभागीय समन्वय के साथ कांवड यात्रा कार्यों को समयबद्धता के साथ करें पूर्ण-सीडीओ

» संवाददाता

मेरठ। कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारी तेज हो गयी है। सोमवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ नूपुर गोयल की अध्यक्षता में आगामी श्रावण कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियो के साथ तैयारियो के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में नगर निगम, विद्युत विभाग, विद्युत सुरक्षा, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, सिंचाई, आरआरटीएस, जल निगम, पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, खाद्य सुरक्षा स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई सहित अन्य संबंधित विभागो की तैयारियो की बिन्दुवार समीक्षा की गई। उन्होने कहा कि कांवड यात्रा को सुरक्षित, सकुशल संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। समस्त संबंधित अधिकारी आपसी विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये कार्यों में तेजी लाये। कांवड मार्ग का संबंधित अधिकारीगण लगातार भ्रमण कर समग्रता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये।



उन्होंने कहा कि कांवड मार्ग तथा मंदिरों के आसपास विद्युत व्यवस्था, पथ प्रकाश, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था, साईनेज आदि व्यवस्थाओ को समय से पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने नगर निगम, समस्त बीडीओ, ईओ, डीपीआरओ को समुचित साफ-सफाई, शौचालय, मोबाइल टॉयलेट, डिवाइडर आदि की व्यवस्था ससमय करने के निर्देश दिये।

एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग सहित समस्त संबंधित अधिकारियों को कांवड मार्ग पर गड्ढा मुक्त/पेंचवर्क मरम्मत कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की तथा कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। सभी मार्गो पर साईनेज प्वाइंट का चिन्हांकन करते हुये कार्यवाही की जाये। नहर पटरी मार्ग पर स्नान वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड, गोताखोर का नाम एवं मोबाइल नंबर चस्पा कराये जाने के निर्देश दिये। कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।


स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि चिकित्सा शिविर, एम्बुलेन्स प्वाइंट तथा आवश्यक स्वास्थ्य उपकरण, दवाई, मोबाइल बाइक एम्बुलेन्स, मोबाइल लाइट वैन, कर्मचारियों की डयूटी इत्यादि की कार्य योजना तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। विद्युत विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियो को कांवड मार्ग पर पड़ने वाले विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर, विद्युत तार, खम्भो को पालिथीन से कवर करने आदि का भौतिक निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग सदस्य ने की समीक्षा बैठक

» संवाददाता

मेरठ। कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लवकुश कुमार ने कुलपति सभागार में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं, निदेशकों और विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें अनुसूचित जाति कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधियों और अनुसूचित जाति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं, संवैधानिक अधिकारों और सेवा सुरक्षा संबंधी विषयों की जानकारी ली। सदस्य लवकुश कुमार ने कहा कि ऑनलाइन जारी होने वाले जाति प्रमाणपत्रों की नियुक्ति से पहले गहन जांच होनी चाहिए, ताकि फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर किसी पात्र व्यक्ति का अधिकार न छीना जा सके। उन्होंने कहा कि सही व्यक्ति को ही योजनाओं और आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए, तभी सामाजिक न्याय की भावना साकार होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले गन्ने के बीज कम कीमत पर उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## गुरु तेग बहादुर स्कूल में नीट स्कूल बैग कम्पटीशन का आयोजन



» संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, मेरठ कैंट में आज नीट स्कूल बैग कम्पटीशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कम्पटीशन का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, साफ-सफाई और समय-प्रबंधन की आदतें विकसित करना था। इस दौरान बच्चों के स्कूल बैग की जांच टाइम टेबल, पुस्तकों, नोटबुक्स, कवरिंग और बैग की समग्र नीटनेस के आधार पर की गई। निर्णायक मंडल ने पाया कि अधिकांश बच्चों जिसमें युक्ति, आहिल, आयुष जाना, गर्व सोम, शिवम डे, अदिति, उमर, अवनी साहू, अरहान, आयरा, केशव, सुभान सैफी आदि बच्चों ने अपने बैग को बहुत व्यवस्थित रखा था।

सभी किताबों और कॉपियों पर साफ-सुथरे कवर लगे थे और टाइम टेबल के अनुसार सामान रखा गया था।विद्यालय प्रधानाचार्य ने बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा, ₹एक नीट और व्यवस्थित स्कूल बैग बच्चे के अनुशासन की पहली सीढ़ी है। जब बच्चा छोटी उम्र से ही अपनी चीजों को व्यवस्थित रखना सीखता है तो उसका शैक्षणिक प्रदर्शन भी बेहतर होता है।

## वोट चोरी सीखनी है तो कांग्रेस से सीखें : दुष्यंत

» संवाददाता

मेरठ। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि आजादी के समय से ही कांग्रेस ने देश को बांटने और वोट चोरी की राजनीति की है। आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत माता के दो टुकड़े किए, जबकि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। भाजपा की ओर से सोमवार को अटल सभागार में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के त्याग, तपस्या और उनके बलिदान को याद किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम रहे। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र हित में कार्य करने की प्रेरणा दी। उनके 125वें वर्ष को त्याग और तपस्या के रूप में याद किया जा रहा है। डॉ. मुखर्जी और डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश के लिए जो कार्य किए, वे इतिहास में स्वर्णिम हैं। कहा कि जहां बलिदान हुए मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है। भाजपा का मुख्य लक्ष्य राष्ट्रवाद है और पार्टी एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। दुष्यंत गौतम ने कांग्रेस पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि वोट चोरी सीखनी है तो कांग्रेस से सीखें। आजादी के समय से ही कांग्रेस ने देश को बांटने की राजनीति की है। आज देश गुलामी की निशानियों को मिटा रहा है और मोदी-योगी के नेतृत्व में भारत विकास की नई इबारत लिख रहा है।

## महंगाई के विरोध में व्यापारियों का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

» संवाददाता

मेरठ। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) के बैनर तले सोमवार को व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया महंगाई नियंत्रित किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सोपा।

संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल एवं व्यापारी नेता इसरार सिद्दीकी के नेतृत्व में व्यापारिक कलेक्ट्रेट में जुटे। व्यापारियों ने पेट्रोल-डीजल, घरेलू एवं वाणिज्यिक (कमर्शियल) एलपीजी गैस की कीमतों में कमी किए जाने, उत्तर प्रदेश में बिजली के बिलों पर लगाए गए 10 फ़ीसदी ईंधन अधिभार को वापस लेने तथा बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) की ओर से प्रदेश के व्यापारियों, लघु एवं कुटीर उद्योगों तथा आम उपभोक्ताओं की ओर से आपका ध्यान लगातार बढ़ती महंगाई की ओर आकर्षित कराया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल, घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस तथा बिजली की बढ़ती लागत ने व्यापार, उद्योग और आम नागरिकों के जीवन पर गंभीर आर्थिक बोझ डाल दिया है। परिवहन लागत बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं के मूल्य लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है और आम जनता का मासिक बजट असंतुलित हो गया है।कहा कि पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में तत्काल कमी की जाए। घरेलू एलपीजी गैस पर पर्याप्त सब्सिडी बहाल कर आम जनता को राहत प्रदान की जाए।

## 'प्रवाह-प्रज्ञा' तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

» संवाददाता

मेरठ। ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छोटा मवाना में जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से 'प्रवाह-प्रज्ञा' तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों में मानवीय मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की गहन समझ विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षक ही विद्यार्थियों में नैतिकता, लोकतांत्रिक सोच तथा जिम्मेदार नागरिकता के संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं

» संवाददाता

मेरठ। मवाना तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और लंबित शिकायतों के समय पर निस्तारण न होने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। समाधान दिवस में कुल 150 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 14 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं डीएम को ज्ञापन देने से रोके जाने पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय से निस्तारण न होने पर संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताई और सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 150 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 14 का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकांश शिकायतें पुलिस एवं राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया। उधर, भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी किसानों की समस्याओं, बिजली बिल, आवारा पशुओं समेत अन्य मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें तहसील सभागार के बाहर ही रोक दिया।

## नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं - प्रो. असलम

» संवाददाता

मेरठ। साहित्यकार एवं आलोचक प्रो. असलम जमशेदपुरी ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस प्रकार के कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी पुरानी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। इनके माध्यम से युवा पीढ़ी न केवल पुराने कलाकारों और उनकी अमूल्य शास्त्रीय धरोहर से परिचित होती है, बल्कि इस विरासत को सुरक्षित रखने तथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने की प्रेरणा भी प्राप्त करती है। शास्त्रीय कला कभी पुरानी नहीं होती। उसकी महत्ता हर युग में बनी रहती है और वह प्रत्येक पीढ़ी को प्रभावित करती है। जहाँ ऐसी संगीत सभाएँ युवाओं का मनोरंजन करती हैं, वहीं वरिष्ठ लोगों की पुरानी स्मृतियाँ भी ताज़ा हो जाती हैं तथा उनमें नया उत्साह और उमंग का संचार होता है।




उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। दोनों कलाकारों ने बेहतरीन नग़्मे प्रस्तुत किए। इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए। विद्यार्थियों के लिए भी ऐसे कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक होते हैं। इससे उन्हें आगे बढ़ने का उत्साह मिलता है और उनकी प्रतिभा को नई दिशा मिलती है। वे सीसीएसयू के उर्दू विभाग द्वारा प्रेमचंद सेमिनार हॉल में आयोजित नग़्मों से सजी शाम कार्यक्रम के समापन अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ रोहासा (मेरठ) के प्रसिद्ध गायक गुलफ़ाम ने अपनी मधुर आवाज़ में आने से उसके आए बहार, जाने से उसके जाए बहार, जो बात तुझ में है तेरी तस्वीर में नहीं, रंग और नूर की बारात किसे पेश करूँ तथा मेरे दोस्त किस्सा ये क्या हो गया जैसे लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर किया, जिनसे पूरा सभागार संगीत के रंग में रंग गया। श्रोताओं के विशेष आग्रह पर उन्होंने बड़ी दूर से आए हैं, ओ दुनिया के रखवाले, ये झुके-झुके नैना, मुझे प्यार की ज़िंदगी देने वाले तथा ग़ज़ल हम तेरे शहर में आए हैं मुसाफ़िर की तरह भी प्रस्तुत की, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा।

## के. एल. स्कूल का परिसर नौनीहालों की खिलखिलाहट से गूंजा

» संवाददाता

मेरठ। के एल इंटरनेशल स्कूल किंडरगार्टन विंग में ग्रीष्मावकाश के बाद फिर से बच्चों की खिलखिलाहट और चहल-पहल लौट आई। रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजे परिसर में नन्हें विद्यार्थियों के लिए संगीत, नृत्य, गेम और सामूहिक रंग भरने जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों के भावनात्मक विकास के लिए कक्षा के बाहर विशेष पोस्टर लगाए गए, जहाँ बच्चों ने अपनी पसंद से 'हग', 'हाई-फाइव' या 'फिस्ट बम्प' करके क्लास में एंट्री ली। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधांशु शेखर ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को तनावमुक्त और सकारात्मक माहौल देना है, जिससे वे नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ कर सकें।



## बाढ़ नियंत्रण के कार्य पूरे करने की डेडलाइन निकल जाने पर भी नहीं पूरे हुए इंतजाम

» एजेंसी। झज्जर

इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि बाढ़ आपदा को रोकने के लिए किए जाने वाले इंतजामों के लिए सरकार द्वारा रखी गई डेड लाइन निकल चुकी है लेकिन धरातल पर कहीं कोई पुख्ता इंतजाम अभी तक पूरे नहीं किए गए हैं। पहले यह डेडलाइन 15 जून थी, उसके बाद बढ़ा कर 30 जून कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्री मानसून ने दस्तक दे दी है। अगर पहाड़ों और प्रदेश में भारी बारिश हो गई तो हर साल की तरह बाढ़ फिर से तबाही मचाएगी जिस से फसल के साथ साथ जानमाल और पशुओं का भारी नुकसान होगा। उसके बाद मुख्यमंत्री, मंत्री और मुख्य विपक्षी दल के नेता फोटो शूट करवाने पीड़ित लोगों के बीच पहुंच जाएंगे। इनेलो सुप्रीमो ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार बाढ़ नियंत्रण के नाम पर जनता के पैसे की खुल्लमखुल्ला लूट का सबसे बड़ा उदाहरण बन गई है। हर साल लाखों-करोड़ों रुपये फ्लड कंट्रोल के नाम पर मंजूर किए जाते हैं लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता।

## स्पोर्ट्स क्यूब अकादमी ने 92 रन से जीती

» एजेंसी। गुरुग्राम

जिले के स्पोर्ट्स क्यूब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मैदान पर 40 ओवर का मैच खेला गया। इसमें स्पोर्ट्सक्यूब क्रिकेट अकादमी ने क्राफ्ट क्रिकेट अकादमी को 92 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्ट्स क्यूब की टीम ने 383 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में क्राफ्ट क्रिकेट अकादमी की टीम 36 ओवर में 291 रन पर ही सिमट गई। स्पोर्ट्स क्यूब की ओर से कप्तान कृष पाल ने 155, प्रियांशु यादव ने नाबाद 143 रनों का योगदान दिया। क्राफ्ट अकादमी की ओर से धर्मेंद्र ने 2 विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्राफ्ट अकादमी के रैयान ने 89 और राहुल राज ने 57 रन बनाए।

## बच्चों के समान होते हैं बुजुर्ग : संतलाल शर्मा


» एजेंसी। गुरुग्राम

भागदौड़ भरी जिंदगी में बुजुर्गों की आवाज कहीं न कहीं गुम होती जा रही है। ऐसे में पटौदी-हेलीमंडी स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र में संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान बुजुर्गों के प्रति सम्मान और संवेदना जगाने के महान उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस दौरान पूर्व खाद्य आपूर्ति निरीक्षक संतलाल शर्मा ने कहा कि बुजुर्ग बच्चों के समान होते हैं एवं ढलती उम्र में उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति को समझना एवं उनके साथ संवेदनशीलता से पेश आना ही उन्हें सच्चा सम्मान देना है।

# कर्जा लो और घी पिओ की नीति पर चल रही नायब सरकार

### सरकार ने फिर विद्यार्थियों पर फीस बढ़ौत्तरी बम फौड़ा, मेडिकल और पैरामेडिकल कॉर्सेज में की गई फीस बढ़ौत्तरी वापिस ले सरकार

» एजेंसी। रोहतक



पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी लगातार शिक्षा के क्षेत्र में फीस बढ़ौत्तरी, भर्ती के नाम पर पेपर लीक, विकास के नाम पर घोटाले, जांच के नाम पर लीपा-पोती और अर्थव्यवस्था के नाम पर कर्ज बढ़ौत्तरी कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने एक बार फिर विद्यार्थियों पर फीस बढ़ौत्तरी बम फोड़ा है। हुड्डा अपने रोहतक आवास पर शकुंतला खटक, सुभाष बतरा, आनंद दांगी, संत कुमार, चक्रवर्ती शर्मा और बलवान रंगा के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि एक बार फिर सरकार ने डॉक्टर-नर्स-फार्मासिस्ट बनने का सपना देखने वाले युवाओं को लूटने का फरमान जारी किया है। सरकार ने एक अगस्त से रोहतक स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएचएसआर) ने मेडिकल और पैरामेडिकल कोर्सिज के फीस में 400 फीसदी तक की भारी बढ़ौतरी कर डाली है। इतना ही नहीं, लेट फीस से लेकर जुर्माने तक की रकम में भारी बढ़ौत्तरी करके सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वो शिक्षा तंत्र को लूटतंत्र बनाना चाहती है। बीजेपी इस फैसले को वापिस ले।

इस मौके पर उन्होंने एचटेट में हुई ताबड़तोड़ धांधलियों का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें गलत ओएमआर शीट बांटने, गलत प्रश्नपत्र दिए जाने से लेकर बिना सील का पेपर बांटने तक की शिकायत के सामने आई हैं। ऐसा लगता है कि बीजेपी सरकार पेपर नहीं करवा रही बल्कि अभ्यर्थियों के साथ भद्दा मजाक कर रही है। कहीं पेपर गलत बांट दिए गए, कहीं पेपर बनाने में गड़बड़झाला पकड़ा गया, कहीं ओएमआर शीट और प्रश्नपत्र के अलग-अलग सीरियल नंबर दे दिए गए तो कहीं प्रश्नों की भाषा की ऐसे गलतियां थीं कि मानो पूरे पेपर को किसी नौसिखिए ने बनाया हो।

उनका कहना था कि कि एचटेट में हुई तमाम गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच, अभ्यर्थियों द्वारा की जा रही है तमाम शिकायतों की सुनवाई और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रदेश में टीचर अभ्यार्थियों के पेपर में धांधली हो रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में टीचर्स के 16 प्रतिशत पद खाली पड़े हुए हैं क्योंकि 1,01,499 स्वीकृत शिक्षक पदों में 16,435 पद खाली हैं लेकिन उन पर भर्तियां करने की बजाए सरकार पेपर के गड़बड़झाले में जुटी हुई है। इस मौके पर हुड्डा ने प्रदेश पर बढ़ते कर्ज पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि 1966 में हरियाणा बनने से लेकर 2014 तक प्रदेश पर कुल कर्ज 60-70 हज़ार करोड़ था लेकिन मात्र 2014 से लेकर 2026 तक बीजेपी सरकार में ये कर्जा बढ़कर 5.50 लाख करोड़ हो चुका है। यानी बीजेपी ने पांव से लेकर सिर तक हरियाणा को कर्ज में डुबो दिया है क्योंकि ये सरकार चार्वाक की नीति पर आगे बढ़ रही है, जो कहती है कि कर्जा लो और घी पिओ।

प्रदेश में एक के बाद हो रहे घोटालों पर बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल में धान घोटाले का एक और नमूना सामने आया है। इसी तरह बैंकों में एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं लेकिन सरकार हर बार की तरह पूरे मामले में लीपापोती करने में लगी है। बैंक, पेपर और फसल तो छोड़िए, ये ऐसी सरकार है, जिसके राज में भगवान राम के मंदिर के चढ़ावे तक में घोटाला हो गया है।

नेता प्रतिपक्ष ने दोहराया कि राम मंदिर चोरी मामले की जांच सिटिंग जज की निगरानी में होनी चाहिए, ताकि कोई दोषी बच ना पाए और कोई निर्दोष फंस ना जाए।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल विकसित भारत के लिए एक सार्थक प्रयास है: आवेश सिंह

» एजेंसी। ढांड



सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल 'नवीन कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान किसानों के लिए अन्न भंडारण व्यवस्था के लिए नई सोच, नई तकनीक और नए अवसरों के द्वार खोलेगा। इस अभियान के अंतर्गत नवीन कृषि संकल्प अभियान के दूसरे कार्यक्रम का आयोजन ढांड की राधा कृष्ण धर्मशाला के हाल में सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित किया जाएगा। नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम द्वारा इस कार्यक्रम की आगामी रुपरेखा की जानकारी साझा करने के लिए ढांड के निजी प्रतिष्ठान में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला के किसानों तक संदेश पहुंचाने के लिए नवीन कृषि संकल्प अभियान का पोस्टर भी लांच किया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में शुरू किए जा रहे नवीन कृषि संकल्प अभियान अभियान का उद्देश्य किसानों को नई जानकारी और बेहतर अवसरों से जोड़ना है। इस कार्यक्रम में किसान कृषि विशेषज्ञों से सीधे बातचीत कर सकेंगे और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उपाय जानेंगे। उन्हें प्राकृतिक खेती, फसलों के सुरक्षित भंडारण, विभिन्न फसलों की खेती, पर्यावरण संरक्षण तथा केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की आसान और उपयोगी जानकारी भी दी जाएगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन से आवेश सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य किसानों को नई सोच और आधुनिक कृषि से जोड़कर उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करना है। सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब किसान आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनेंगे।

## डंपिंग यार्ड के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

» एजेंसी। फरीदाबाद

डंपिंग यार्ड को बंद कराने की मांग को लेकर सोमवार को स्थानीय निवासी नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने नगर निगम की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर डंपिंग यार्ड को जल्द बंद करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी, कि यदि एक सप्ताह के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि डंपिंग यार्ड में लगातार बढ़ते कूड़े के ढेर और वहां से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास के हजारों लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। पिछले तीन वर्षों से क्षेत्रवासी इस डंपिंग यार्ड को हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सेक्टर-56 निवासी सुदेश ने बताया कि गांव प्रतापगढ़, समयपुर, सेक्टरों और आसपास की कॉलोनियों के लोग एकजुट होकर अपनी मांग को लेकर नगर निगम मुख्यालय पहुंचे थे।

# सांसद से लेकर पंच तक भाजपा का कार्यकर्ता दिखाई देना चाहिए : डा. अर्चना

» एजेंसी। फरीदाबाद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा है कि भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी है। जब एक बूथ अध्यक्ष और बूथ पर काम करने वाला कार्यकर्ता अपना पसीना बहाता है तथा बूथ जीतकर भाजपा की झोली में डालने का काम करता है, तब विधायक और सांसद बनते हैं तथा सरकारें बनती हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के श्रम से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। डा. गुप्ता रविवार को फरीदाबाद में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थी। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना के फरीदाबाद आगमन पर एमवीएन स्कूल अरावली हिल के सामने भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने डॉ. अर्चना गुप्ता का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने वजीरपुर गांव परशुराम चौक से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सचिन ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित साइक्लोथॉन में सहभागिता की। डॉ. अर्चना गुप्ता ने स्वयं साइकिल चलाकर कार्यक्रम स्थल अमृता अस्पताल तक पहुंचते हुए युवाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम स्थल अमृता अस्पताल सेक्टर 89 के ऑडिटोरियम में पहुंचने पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, विधायक धनेश अदलखा, विधायक मूलचंद शर्मा, सतीश फगाना, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स समेत अनेक वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का पुष्प गुच्छ और फूलमालाओं से स्वागत और अभिनंदन किया।

## क्लिनिकल साइकोलॉजी और एमबीए में छात्रों की रूचि बढ़ी

» एजेंसी। गुरुग्राम

नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों का रुझान प्रोफेशनल और रोजगार आधारित पाठ्यक्रमों की ओर से लगातार बढ़ रहा है। दाखिले के लिए मिले आवेदनों में मास्टर इन क्लिनिकल साइकोलॉजी सबसे आगे रहा है। इस कोर्स के लिए 401 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो सभी पाठ्यक्रमों में सबसे अधिक है। एमबीए के लिए 209 आवेदन, आरसीआई अप्रूव्ड प्रोफेशनल डिप्लोमा इन क्लिनिकल साइकोलॉजी के लिए 143 आवेदन और एलएलबी के लिए 154 आवेदन मिले हैं। वहीं, एमएससी साइकोलॉजी के लिए 105, एमसीए के लिए 98, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स के लिए 94 और पॉलिटिकल साइंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस के लिए 86 आवेदन आए हैं। अन्य पाठ्यक्रमों की बात की जाए तो एमकॉम के लिए 76, एलएलएम के लिए 65 ,एमफार्मा के लिए 64, एमएससी केमिस्ट्री के लिए 51, एमएससी जूलॉजी के लिए 46, एग्जीक्यूटिव एमबीए के लिए 41, एमए एप्लाइड इकोनॉमिक्स के लिए 42 और एमए इंग्लिश के लिए 31 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# 23 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

» एजेंसी। पुण्डरी

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोडने की दिशा में सामाजिक संस्था एक किरण उम्मीद की ने सराहनीय पहल करते हुए जूट बैग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया। समापन समारोह में प्रशिक्षण पूरा करने वाली 23 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समृद्ध और विकसित समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि संस्था लगातार ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिनसे महिलाएं अपने हुनर को निखारकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि जूट बैग निर्माण का प्रशिक्षण महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। प्लास्टिक के बढ़ते दुष्प्रभावों को देखते हुए पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। संस्था का उद्देश्य महिलाओं को केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित करना भी है। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा मंगल, बबीता सिंगला, गीता रानी, किरण सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य महिलाओं ने भाग लिया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844